# National Mathematics Day celebrated at CUH

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 06-02-2025**

प्रतियोगिता

हकेंवि में राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में हुईं प्रतियोगिताएं

# पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में चंचल, शतरंज में संजय अव्वल

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में गणित दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रंगोली, पोस्टर मेकिंग, प्रश्नोत्तरी, शतरंज, शॉर्ट वीडियो तथा पीपीटी निर्माण प्रतियोगिताओं के माध्यम से गणित के प्रति विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने का प्रयास किया गया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में चंचल प्रथम, तुषार रंजन राणा द्वितीय व जिंगल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। रंगोली में पूजा साहू और देव स्मिता माझी प्रथम, अंजलि शाह व ज्योति द्वितीय और मुस्कान व वैशाली और काव्या व अंजलि तृतीय स्थान पर रहीं। शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता में सूर्यांश प्रथम, प्रीति द्वितीय व पूजा साहू तृतीय स्थान पर रही। प्रश्नोत्तरी में कुणाल व मोहित चौहान प्रथम, मोनिका और अंकित दधीच द्वितीय तथा हितेंद्र व भूपेंद्र सिंह तृतीय रहे।



प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को उत्साहवर्धन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार स्रोत : हकेंवि

इसी क्रम में शतरंज प्रतियोगिता में संजय कुमावत प्रथम, पूर्वा जांगिड़ द्वितीय और पोलुदसु सुमंथा तृतीय स्थान रहे। विभिन्न प्रतियोगिता में विजेताओं को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार द्वारा पुरस्कृत किया गया। कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने विभाग के इस प्रयास की सराहना की। कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को विषय के व्यावहारिक पक्षों से अवगत कराने और विषय के प्रति रुचि पैदा करने में मददगार होते हैं।

कुलपति ने कहा कि गणित केवल एक विषय मात्र नहीं है बल्कि यह एक अध्ययन की ऐसी भाषा है जो विश्व को जोड़ने और विज्ञान व तकनीक के क्षेत्र में नवाचार के प्रचार-प्रसार में मददगार है। विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एके यादव ने बताया कि प्रतियोगिताओं में 126 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 06-02-2025**

## हकेंवि में कार्यक्रम, कई प्रतियोगिताएं कराई

**महेंद्रगढ़** | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) के गणित विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत रंगोली, पोस्टर मेकिंग, प्रश्नोत्तरी, शतरंज, शॉर्ट वीडियो और पीपीटी निर्माण जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि बढ़ाना था। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस प्रयास की सराहना की। विभागाध्यक्ष प्रो. एके यादव ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न विभागों के 126 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विजेताओं को शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार ने पुरस्कृत किया। स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज के डीन प्रो. राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मैथेमेटिक्स सोसायटी व एसटीईएम इकाई के प्रयासों से यह आयोजन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. अंकुश विज, डॉ. पवन कुमार सहित कई शिक्षकों की अहम भूमिका रही।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Gurgaon Today** **Date: 06-02-2025**

# विश्व को एक सूत्र में पिरोता है, गणित का ज्ञान : कुलपति हकेवि

**हकेवि में राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष में प्रतियोगिताएं आयोजित।**

**सुरेंद्र चौधरी, गुड़गांव टुडे**






**नारनौल।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में गणित दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में रंगोली, पोस्टर मेकिंग, प्रश्नोत्तरी, शतरंज, शॉर्ट वीडियो तथा पीपीटी निर्माण प्रतियोगिताओं के माध्यम से गणित विषय के प्रति विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने का प्रयास किया गया।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विभाग के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को विषय के व्यावहारिक पक्षों से अवगत कराने और विषय के प्रति रुचि के विकास में मददगार होते हैं। कुलपति ने कहा कि गणित केवल एक विषय मात्र नहीं है, बल्कि यह एक अध्ययन की ऐसी भाषा है, जो समूचे विश्व को जोड़ने और विज्ञान व तकनीक के क्षेत्र में नवाचार के प्रचार-प्रसार में मददगार है।

विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ए.के. यादव ने बताया कि दो दिवसीय इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 126 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में गणित विभाग से चंचल प्रथम, शिक्षक शिक्षा विभाग से तुषार रंजन राणा द्वितीय तथा बी.वॉक. से जिंगल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। रंगोली प्रतियोगिता में पूजा साहु व देव स्मिता माझी प्रथम, अंजलि शाह व ज्योति द्वितीय तथा मुस्कान व वैशाली और काव्या श्री जी व अंजलि तृतीय स्थान पर रहीं। शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता में शिक्षक शिक्षा विभाग के सूर्यांश प्रथम, गणित विभाग की प्रीति द्वितीय तथा पूजा साहु तृतीय स्थान पर रही।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुणाल व मोहित चौहान प्रथम, मोनिका व अंकित दधीच द्वितीय तथा हितेंद्र व भूपेंद्र सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में शतरंज प्रतियोगिता में संजय कुमावत प्रथम, पूर्वा जांगिड द्वितीय तथा पोलुदसु सुमंथा तृतीय स्थान पर रहे। विभिन्न प्रतियोगिता में विजेताओं को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार द्वारा पुरस्कृत किया गया।विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज के डीन प्रो. राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन ई1 मैथेमेटिक्स सोसायटी व एसटीईएम इकाई के प्रयासों से किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के योगदान का स्मरण करते हुए विद्यार्थियों का गणित के प्रति प्रेम विकसित करना था।

प्रो. गुप्ता ने कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. अंकुश विज, डॉ. पवन कुमार, डॉ. शाहजहां, डॉ. जगजीत सिंह, डॉ. जसवंत, डॉ. अरूण काजला, डॉ. अमित सिंह, डॉ. पिंकी, डॉ. प्रियंका, डॉ. अंजु, डॉ. रविंद्र कुमार व डॉ. पवित्रा कुमारी सक्रिय भूमिका निभाई।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Hadoti News** **Date: 06-02-2025**

# विश्व को एक सूत्र में पिरोता है गणित का ज्ञान : प्रो. टंकेश्वर

## राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष में प्रतियोगिताएं आयोजित

**विजय कौशिक ▶▶ हाड़ौती अधिकार**

नारनौल, 05 फरवरी। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ में गणित दिवस के उपलक्ष में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में रंगोली, पोस्टर मेकिंग, प्रश्नोत्तरी, शतरंज, शॉर्ट वीडियो तथा पीपीटी निर्माण प्रतियोगिताओं के माध्यम से गणित विषय के प्रति विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने का प्रयास किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विभाग के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को विषय के व्यावहारिक पक्षों से अवगत कराने और विषय के प्रति रुचि के विकास में मददगार होते हैं।

कुलपति ने कहा कि गणित केवल एक विषय मात्र नहीं है बल्कि यह एक अध्ययन की ऐसी भाषा है जो समूचे विश्व को जोड़ने और विज्ञान व तकनीक के क्षेत्र में नवाचार के प्रचार-प्रसार में मददगार है। विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ए.के. यादव ने बताया कि दो दिवसीय इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 126 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में गणित विभाग से चंचल प्रथम, शिक्षक शिक्षा विभाग से तुषार रंजन राणा द्वितीय तथा बी.वॉक. से जिंगल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। रंगोली प्रतियोगिता में पूजा साहु व देव स्मिता माझी प्रथम, अंजलि शाह व ज्योति द्वितीय तथा मुस्कान व वैशाली और काव्या श्री जी व अंजलि तृतीय स्थान पर रहीं। शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता में शिक्षक शिक्षा विभाग के सूर्यांश प्रथम, गणित विभाग की प्रीति द्वितीय तथा पूजा साहु तृतीय स्थान पर रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुणाल व मोहित चौहान प्रथम, मोनिका व अंकित दधीच द्वितीय तथा हितेंद्र व भूपेंद्र सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में शतरंज प्रतियोगिता में संजय कुमावत प्रथम, पूर्वा जांगिड द्वितीय तथा पोलुदसु सुमंथा तृतीय स्थान पर रहे। विभिन्न प्रतियोगिता में विजेताओं को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार द्वारा पुरस्कृत किया गया।

विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज के डीन प्रो. राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन ई1 मेथेमेटिक्स सोसायटी व एसटीईएम इकाई के प्रयासों से किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के योगदान का स्मरण करते हुए विद्यार्थियों का गणित के प्रति प्रेम विकसित करना था। प्रो. गुप्ता ने कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. अंकुश विज, डॉ. पवन कुमार, डॉ. शाहजहां, डॉ. जगजीत सिंह, डॉ. जसवंत, डॉ. अरूण काजला, डॉ. अमित सिंह, डॉ. पिंकी, डॉ. प्रियंका, डॉ. अंजु, डॉ. रविंद्र कुमार व डॉ. पवित्रा कुमारी ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 06-02-2025**

# विश्व को एक सूत्र में पिरोता है गणित का ज्ञान : प्रो. टंकेश्वर कुमार

संवाद सहयोगी, जागरण • महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में गणित दिवस के उपलक्ष में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में रंगोली, पोस्टर मेकिंग, प्रश्नोत्तरी, शतरंज, शॉर्ट वीडियो तथा पीपीटी निर्माण प्रतियोगिताओं के माध्यम से गणित विषय के प्रति विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने का प्रयास किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विभाग के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को विषय के व्यावहारिक पक्षों से अवगत कराने और विषय के प्रति रुचि के विकास में मददगार होते हैं।



प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को उत्साहवर्धन करते कुलपति प्रो. टंकेशवर • सौः हकेंवि

कुलपति ने कहा कि गणित केवल एक विषय मात्र नहीं है बल्कि यह एक अध्ययन की ऐसी भाषा है जो समूचे विश्व को जोड़ने और विज्ञान व तकनीक के क्षेत्र में नवाचार के प्रचार-प्रसार में मददगार है। विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ए.के. यादव ने बताया कि दो दिवसीय इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 126 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में गणित विभाग से चंचल प्रथम, शिक्षक शिक्षा विभाग से तुषार रंजन राणा द्वितीय तथा बी वाक से जिंगल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। रंगोली प्रतियोगिता में पूजा साहु व देव स्मिता माझी प्रथम, अंजलि शाह व ज्योति द्वितीय तथा मुस्कान व वैशाली और काव्या श्री जी व अंजलि तृतीय स्थान पर रहीं। शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता में शिक्षक शिक्षा विभाग के सूर्यांश प्रथम, गणित विभाग की प्रीति द्वितीय तथा पूजा साहु तृतीय स्थान पर रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुणाल व मोहित चौहान प्रथम, मोनिका व अंकित दधीच द्वितीय तथा हितेंद्र व भूपेंद्र सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में शतरंज प्रतियोगिता में संजय कुमावत प्रथम, पूर्वा जांगिड द्वितीय तथा पोलुदसु सुमंथा तृतीय स्थान पर रहे। विभिन्न प्रतियोगिता में विजेताओं को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार द्वारा पुरस्कृत किया गया।

विश्वविद्यालय में स्कूल आफ बेसिक साइंसेज के डीन प्रो. राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन मेथेमेटिक्स सोसायटी व एसटीईएम इकाई के प्रयासों से किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के योगदान का स्मरण करते हुए विद्यार्थियों का गणित के प्रति प्रेम विकसित करना था।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन में डा. जितेंद्र कुमार, डा. अंकुश विज, डा. पवन कुमार, डा. शाहजहां,डा. जगजीत सिंह, डा. सवंत, डा. अरूण काजला, डा. अमित सिंह, डा. पिंकी,डा. प्रियंका, डा. अंजु, डा. रविंद्र कुमार व डा. पवित्रा कुमारी सक्रिय भूमिका निभाई।

## हकेवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आज से

संवाद सहयोगी, जागरण. •महेंद्रगढ़: हकेंवि महेंद्रगढ़ के राजनीति विज्ञान विभाग व विधि विभाग द्वारा 'हम लोग एट 75: सामाजिक न्याय और वैश्विक शांति की दिशा में' विषय पर केंद्रित दो दिवसीय सेमिनार छह फरवरी से शुरु हो रहा है। आइसीडब्ल्यूए-प्रायोजित राष्ट्रीय सेमिनार का उद्देश्य भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों के विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं को एक मंच उपलब्ध करवाना है। जिसके माध्यम से समकालीन सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण के उपलक्ष्य में आयोजित इस सेमिनार के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

सेमिनार के संयोजक प्रो. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि सेमिनार में 15 से अधिक विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के प्रतिभागी समकालीन सामाजिक-राजनीतिक विमर्श, नीतिगत चुनौतियों और वैश्विक मामलों में भारत की भूमिका पर शोध-आधारित विचार प्रस्तुत करेंगे। यह संगोष्ठी वैश्विक परिपेक्ष्य में संवैधानिक मूल्यों, समानता और लोकतांत्रिक शासन के भविष्य के मार्ग पर गंभीर चिंतन को प्रोत्साहित करेगी। इसी क्रम में सेमिनार के सह-संयोजक डा. प्रदीप कुमार ने बताया कि सेमिनार अकादमिक और नीतिगत विमर्श होगा। यह आयोजन भारत की न्यायसंगत और शांतिपूर्ण विश्व व्यवस्था के निर्माण में भूमिका को रेखांकित करने में मददगार साबित होगा।

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 06-02-2025**

# विश्व को एक सूत्र में पिरोता है गणित का ज्ञानः कुलपति

**महेंद्रगढ़,** महेश गुप्ता (पंजाब केसरी): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में गणित दिवस के उपलक्ष में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में रंगोली, पोस्टर मेकिंग, प्रश्नोत्तरी, शतरंज, शॉर्ट वीडियो तथा पीपीटी निर्माण प्रतियोगिताओं के माध्यम से गणित विषय के प्रति विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने का प्रयास किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विभाग के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को विषय के व्यावहारिक पक्षों से अवगत कराने और विषय के प्रति रुचि के विकास में मददगार होते हैं।

कुलपति ने कहा कि गणित केवल एक विषय मात्र नहीं है बल्कि यह एक अध्ययन की ऐसी भाषा है जो समूचे विश्व को जोड़ने और विज्ञान व तकनीक के क्षेत्र में नवाचार के प्रचार-प्रसार में मददगार है। विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ए.के. यादव ने बताया कि दो दिवसीय इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 126 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में गणित विभाग से चंचल प्रथम, शिक्षक शिक्षा विभाग से तुषार रंजन राणा द्वितीय तथा बी.वॉक. से जिंगल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। रंगोली प्रतियोगिता में पूजा साहु व देव स्मिता माझी प्रथम, अंजलि शाह व ज्योति द्वितीय तथा मुस्कान व वैशाली और काव्या श्री जी व अंजलि तृतीय स्थान पर रहीं। शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता में शिक्षक शिक्षा विभाग के सूर्यांश प्रथम, गणित विभाग की प्रीति द्वितीय तथा पूजा साहु तृतीय स्थान पर रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुणाल व मोहित चौहान प्रथम, मोनिका व अंकित दधीच द्वितीय तथा हितेंद्र व भूपेंद्र सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में शतरंज प्रतियोगिता में संजय कुमावत प्रथम, पूर्वा जांगिड द्वितीय तथा पोलुदसु सुमंथा तृतीय स्थान पर रहे।विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज के डीन प्रो. राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन ई1 मेथेमेटिक्स सोसायटी व एसटीईएम इकाई के प्रयासों से किया गया।



● हकेंवि में राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताएं आयोजित

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 06-02-2025**

# विश्व को एक सूत्र में पिरोता है गणित का ज्ञान : कुलपति

## ■ हकेवि में राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष में प्रतियोगिताएं आयोजित

नीरज कौशिक




प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को उत्साहवर्धन करते कुलपति।

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में गणित दिवस के उपलक्ष में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में रंगोली, पोस्टर मेकिंग, प्रश्नोत्तरी, शतरंज, शॉर्ट वीडियो तथा पीपीटी निर्माण प्रतियोगिताओं के माध्यम से गणित विषय के प्रति विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने का प्रयास किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विभाग के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को विषय के व्यावहारिक पक्षों से अवगत कराने और विषय के प्रति रुचि के विकास में मददगार होते हैं। कुलपति ने कहा कि गणित केवल एक विषय मात्र नहीं है बल्कि यह एक अध्ययन की ऐसी भाषा है जो समूचे विश्व को जोड़ने और विज्ञान व तकनीक के क्षेत्र में नवाचार के प्रचार-प्रसार में मददगार है।

विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ए.के. यादव ने बताया कि दो दिवसीय इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 126 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में गणित विभाग से चंचल प्रथम, शिक्षक शिक्षा विभाग से तुषार रंजन राणा द्वितीय तथा बी.वॉक. से जिंगल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। रंगोली प्रतियोगिता में पूजा साहु व देव स्मिता माझी प्रथम, अंजलि शाह व ज्योति द्वितीय तथा मुस्कान व वैशाली और काव्या श्री जी व अंजलि तृतीय स्थान पर रहीं। शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता में शिक्षक शिक्षा विभाग के सूर्यांश प्रथम, गणित विभाग की प्रीति द्वितीय तथा पूजा साहु तृतीय स्थान पर रही।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुणाल व मोहित चौहान प्रथम, मोनिका व अंकित दधीच द्वितीय तथा हितेंद्र व भूपेंद्र सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में शतरंज प्रतियोगिता में संजय कुमावत प्रथम, पूर्वा जांगिड द्वितीय तथा पोलुदसु सुमंथा तृतीय स्थान पर रहे। विभिन्न प्रतियोगिता में विजेताओं को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार द्वारा पुरस्कृत किया गया। विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज के डीन प्रो. राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन ई1 मेथेमेटिक्स सोसायटी व एसटीईएम इकाई के प्रयासों से किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के योगदान का स्मरण करते हुए विद्यार्थियों का गणित के प्रति प्रेम विकसित करना था। प्रो. गुप्ता ने कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. अंकुश विज, डॉ. पवन कुमार, डॉ. शाहजहां, डॉ. जगजीत सिंह, डॉ. जसवंत, डॉ. अरूण काजला, डॉ. अमित सिंह, डॉ. पिंकी, डॉ. प्रियंका, डॉ. अंजु, डॉ. रविंद्र कुमार व डॉ. पवित्रा कुमारी सक्रिय भूमिका निभाई।